**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.01.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल में सहकारी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए धन आबंटित करने का केंद्र से किया आग्रह।
- बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित।
- प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना ज़िला के अंब–अंदौरा स्टेशन से 4 विशेष रेलगाड़ियां 5 फरवरी से होंगी रवाना।

## समाचार विस्तार से

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्ष 2025 प्रदेश सरकार के लिए फरफॉर्मिंग ईयर है और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करना चाहिए। वे आज धर्मशाला में अधिकारियों के साथ कांगड़ा ज़िला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख परियोजनाओं के क्रियान्वयन को गति प्रदान कर इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही है और स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 15 सौ करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कांगड़ा ज़िला में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है और देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का जूलॉजिक्ल पार्क स्थापित किया जा रहा है और इसका कार्य अप्रैल 2026 तक पूरा होने का अनुमान है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को ज़िले में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने और हरित पंचायतें विकसित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस.बाली और उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया भी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पहले के निर्णय के अनुसार अगले दो वर्षों तक इसका कार्यान्वयन जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 2021 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन को 2026 तक पांच साल के लिए बढ़ा दिया था।

## भेंट

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को सहकारी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए धन आबंटित करने का आग्रह किया। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा ऊना ज़िला के पंजावर में सहकारी प्रबंधन संस्थान के लिए पहले ही पर्याप्त भूमि उपलब्ध करवा दी गई है और इसकी स्थापना के लिए 5 करोड़ रूपये की धनराशि भी जारी की गई है। उप–मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इस अत्याधुनिक सहकारी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 10 करोड़ रूपये की अनुदान सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल ने कंप्यूटरीकरण परियोजना में विशेष प्रगति की है। इसके तहत पहले चरण में 8 सौ 70 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों जबकि दूसरे चरण में 9 सौ 19 समितियों की पहचान की गई है और डिजिटलीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश को सहकारी योजनाओं और परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जल्द ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों के लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर–द्वार पर ही सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि उनके समय की बचत हो सके। वे आज क्षेत्र की हलोग–धामी पंचाायत में 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान जनसमस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण व विकास के लिए कृत संकल्प है और हर वर्ग के लिए अलग–अलग योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों के दौरान 3 सौ 50 करोड़ रूपये की राशि विभिन्न विकास योजनाओं के निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत की गई है।

## बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के एक दशक पूरा होने पर आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका समापन होगा। बेटी बचाओ,

बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश में अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने शिमला में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 8 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई ये योजना बेटियों को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और उन्हें समान अवसर प्रदान कर महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर मेधावी छात्राओं और महिला सशक्तिरण की मिसाल पेश करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया।

**पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्धन में विधानसभा और विधान परिषदों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। बिहार के पटना में आयोजित 2 दिवसीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने के अवसर पर उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। कुलदीप पठानिया ने कहा कि इस सम्मेलन में संवैधानिक मूल्यों को मज़बूत करने में संसद व विधान मंडलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार–विमर्श और सार्थक चर्चा की गई।

**महाकुंभ**

प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना जिला कें अंब–अंदौरा से 6 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं जिनमें से दो रेलगाड़ियां अपने गंतव्य तक पहुंच गई हैं जबकि अन्य चार विशेष रेलगाड़ियां 5, 9, 15 और 23 फरवरी को रवाना होंगी।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू सरकार ने सरकारी स्कूलों की ग्रांट रोक दी है और केंद्र द्वारा दिए जाने वाले समग्र शिक्षा अभियान के बजट को अन्य कार्यों के लिए परिवर्तित कर दिया गया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इसके चलते शैक्षणिक कार्य के अलावा अन्य कार्यों के लिए दिए जाने वाला बजट भी स्कूलों को नहीं मिल पा रहा है और विद्यालयों की कई गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसे में विद्यालयों द्वारा बिजली का बिल भी नहीं भरा जा रहा है और सरकारी स्कूलों के बिजली कनैक्शन काटे जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से इस मामले में दखल देने और विद्यालयों को उनके खर्च के लिए दिए जाने वाले अनुदान को जल्द जारी करने का आग्रह किया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल में सहकारी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए धन आबंटित करने का केंद्र से किया आग्रह।
- बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित।

**और**

- प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना ज़िला के अंब–अंदौरा स्टेशन से 4 विशेष रेलगाड़ियां 5 फरवरी से होंगी रवाना।

..........................................................................................................................................................